## पाठ 1

# रंग-बिरंगे खिलते फूल



लाल-लाल और पीले फूल
खिलते रंग-रंगीले फूल
इन्द्रधनुष से सतरंगे
दिखते प्यारे-प्यारे फूल।

इनकी महक हमको मोहे
गंध इनकी सबको सोहे
भीनी-भीनी खुशबू वाले
मस्ती में भर देते फूल।

बाग-बगीचे या तालाब में
कभी दिन में, कभी रात में
सर्दी, गर्मी या बरसात में
खिल जाते हैं सुन्दर फूल।

मीठा-मीठा शहद बनाते,
बन इत्र खुशबू फैलाते,
रंगरेजों के मन को भाते,
मालाओं में गुँथ जाते फूल।

1. आपने भी कई तरह के फूल देखे होंगे। इनके नाम लिखिए।

______________________________________________________

______________________________________________________

______________________________________________________

2. फूलों का उपयोग किन–किन कार्यों में होता है? लिखिए।

**कुछ फूल दिन में खिलते हैं तो कुछ रात में। कुछ धरती पर खिलते हैं तो कुछ पानी में। कुछ फूल वर्षभर खिलते हैं तो कुछ फूल सर्दी, गर्मी या सिर्फ बरसात में ही खिलते हैं।**

2. किन्हीं दो फूलों के नाम बताइए–

    (i) जो लाल रंग के हैं ————————————————

    (ii) जो सफेद रंग के हैं ————————————————


    (iii) जिनका रंग पीला है ————————————————

    (iv) जो पानी में खिलते हैं ————————————————

    (v) जिनको आँख बंद करके खुशबू से भी पहचान सकते हैं ————————————————

3. क्या आप बता सकते हैं कि कौन से फूल दिन में खिलते हैं और कौन से फूल रात में खिलते हैं?

| दिन में खिलनेवाले | रात में खिलनेवाले |
|---|---|
| | |










4. किस मौसम में कौन से फूल खिलते हैं? सारणी में भरिए।

| क्र.सं. | सर्दी | गर्मी | बरसात | सालभर |
|---|---|---|---|---|
| 1. | | | | |
| 2. | | | | |
| 3. | | | | |
| 4. | | | | |

5 (i) आपने फूलों को भिन्न–भिन्न प्रकार के पेड़–पौधों पर खिलते हुए देखा होगा। कुछ फूल झाड़ीदार पौधों पर खिलते हैं, कुछ बड़े–बड़े पेड़ों पर और कुछ लंबी–लंबी लताओं पर। इनके नाम सारणी में लिखिए।

| क्र.सं. | पेड़ों पर खिलनेवाले फूल | झाड़ीदार पौधों पर खिलनेवाले फूल | लताओं पर खिलनेवाले फूल |
|---|---|---|---|
| 1. | | | |
| 2. | | | |
| 3. | | | |
| 4. | | | |

(ii) क्या कोई ऐसे पेड़–पौधे हैं जिन पर फूल नहीं खिलते हैं? लिखिए।

__________________________________________________

__________________________________________________

6. (i) आप अपने साथियों के साथ आस–पास के पौधों पर खिले किसी फूल को जाकर देखिए तथा उसका चित्र बनाइए।

(ii) अब बताइए–

- आपने किस फूल को देखा? ----------------
- फूल का रंग कौन सा है? ----------------
- क्या फूल में गंध है? ----------------
- फूल का पौधा ज़मीन पर है या पानी में? ----------------
- फूल का आकार कैसा है? ----------------

  (वृत्ताकार/गोल/घंटीनुमा/कटोरीनुमा या उन सबसे अलग)
- अकेले खिलता है या गुच्छों में? ----------------
- फूलों में कितनी पंखुड़ियाँ हैं? ----------------
- पंखुड़ियाँ आपस में जुड़ी हैं या अलग–अलग हैं? ----------------
- पंखुड़ियों के निचले हिस्से को ढँकनेवाली अंखुड़ियाँ किस रंग की हैं? ----------------
- इन अंखुड़ियों की संख्या कितनी है? ----------------
- अंखुड़ियाँ आपस में जुड़ी हैं या अलग–अलग हैं? ----------------

  (इस गतिविधि को 4–5 फूलों के साथ कीजिए।)

7. अपने आस–पास की किन्हीं तीन पौधों की कलियों और फूलों का चयन कीजिए। आप इन पौधों पर खिली हुई एक–दो कलियों पर धागा बाँधकर निशान लगाइए। अब कुछ दिनों तक इन कलियों को ध्यान से देखिए और बताइए कि कलियाँ कितने दिनों में खिलकर फूल बन गई।

| फूल का नाम | पहली बार किस तिथि को कली देखा | किस तिथि को कली फूल बन गई |
|---|---|---|
| | | |
| | | |
| | | |

**फूल कई लोगों की रोज़ी–रोटी के साधन हैं। कुछ लोग फूलों की खेती करते हैं, तो कुछ लोग फूल या उससे बनी चीज़ों की खरीद–बिक्री करते हैं।**

8. क्या आपके गाँव या शहर में कोई फूल बेचनेवाला/वाली है? उनके पास जाकर पता कीजिए–

(i) वह कौन–कौन से फूल बेच रहा/रही है? प्रत्येक फूल का मूल्य क्या है?

| क्र.सं. | फूल का नाम | मूल्य |
|---|---|---|
| 1. | | |
| 2. | | |
| 3. | | |
| 4. | | |

(ii) वह फूल कहाँ से लाता/लाती है?

_______________________________________________

_______________________________________________

(iii) वह फूलों से बनी किन–किन चीज़ों की बिक्री करता/करती है? फूलों से बनी विभिन्न चीज़ों के मूल्य क्या है?

| क्र.सं. | फूलों से बनी सामग्री | मूल्य |
|---|---|---|
| 1. | गेंदे का हार | |
| 2. | | |
| 3. | | |
| 4. | | |
| 5. | | |

9. (i) क्या आपके गाँव में फूलों की खेती होती है? ____________________

(ii) इससे क्या लाभ होता है?

_______________________________________________

_______________________________________________